श्रीमती शालिनी मिश्रा, माननीया स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/217 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या यह बात सही है कि गंडक नदी से वाल्मीकि नगर से निकलने वाली गंडक नहर पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया विधान सभा क्षेत्र होकर गुजरती है, जो कई जगह बंद हो जाने और सिल्ट जम जाने के कारण केसरिया विधान सभा क्षेत्र तक नहर में पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिसके कारण सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार गंडक नहर प्रणाली को दुरूस्त कर केसरिया विधान सभा क्षेत्र के खेतों तक नहर में पानी पहुंचाने की कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि वाल्मीकिनगर बराज के पूर्वी शीर्ष नियामक से मुख्य पूर्वी नहर निःसृत है, जो पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया विधान सभा क्षेत्र से होकर प्रवाहित होती है। तिरहुत मुख्य नहर के 146.85 कि०मी० (दायाँ) से केसरिया वितरणी निःसृत है। विगत खरीफ सिंचाई अवधि में निर्धारित लक्ष्य 10087 हे० के विरूद्ध 8717 हे० क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। केसरिया वितरणी से निःसृत लघु नहरों, उप लघु नहरों एवं फिल्ड चैनल में जंगल–झाड़ एवं गाद की सफाई का कार्य मनरेगा के माध्यम से कराने हेतु योजनाओं की सूची जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी को उपलब्ध कराया गया है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि०स०प्र०(मो०)–05–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/217 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि०स०प्र०(मो०)–05–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–24 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–24 / 2026– 1453 पटना, दिनांक– 25/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.03.26

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

24.03.26